## महत्वपूर्ण एवं खास

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 20 जून तक कर सकते है आवेदन जमा

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक-27 छोटे अतरमुड़ा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति से आवेदन पत्र मंगाये गये है। इच्छुक संस्था अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ 20 जून 2024 तक आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा, रायगढ़ में कार्यालयीन समयावधि में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निशुल्क प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन के लिए 10वीं उत्तीर्ण, सिलाई मशीन एवं प्लंबर हेतु 5वीं उत्तीर्ण)एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में 10वीं उत्तीर्ण आवेदकों के लिए नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण में प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में दूरभाष नंबर 07762-299505 एवं मोबाईल नं 9827911451, 7489603785 में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए माह जून के वेतन देयक पारित करने के पूर्व लंबित न होने का करें प्रमाण-पत्र प्रस्तुत

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा कि माह जून 2024 का वेतन देयक संबंधित कार्यालय प्रमुख से पेंशन प्रकरण लंबित नहीं होने का प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त होने पर ही कार्यालय प्रमुख का वेतन पारित किया जाएगा। उक्त जानकारी एमएसएक्सेल में तैयार कर सॉफ्टकापी एवं हार्डकापी में वरिष्ठ कोषालय कार्यालय, रायगढ़ में उपलब्ध करायें। जिससे वांछित जानकारी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को प्रेषित किया जा सके।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों की अनंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नंदेली क्रमांक 2 ग्राम पंचायत नंदेली विकासखण्ड रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद, आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णापुर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 46 नगर पालिका निगम रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद एवं सहायिका के एक पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 48 नगर पालिका निगम रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद हेतु गत दिवस आवेदन मंगाये गये थे। उक्त आवेदनों पर मूल्यांकन समिति द्वारा जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)के कार्यालय में 25 जून 2024 सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजनाअधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण)में संपर्क कर सकते है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में सशक्त सूचना तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण- कलेक्टर

## अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर ज्वाइंट टीम बनाकर करें कार्यवाही

- प्रशासन और पुलिस के अधिकारी समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर लॉ एंड ऑर्डर के लिए करें काम
- ब्लाइंड स्पॉट पर रेडियम साईनेज और रिफ्लेक्टर लगाने और सड़कों में औद्योगिक वाहनों की पार्किंग पर कार्यवाही के लिए किया निर्देशित
- कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़**

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सूचना तंत्र और इंटेलीजेंस की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजस्व और पुलिस प्रशासन का अमला मैदानी स्तर पर अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें। ऐसी किसी भी सूचना या अफवाह पर नजर रखें जिससे शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है और उस पर तत्काल एक्शन लें। यह बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों से कही। उन्होंने आज दोपहर कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वाले लोगों की पहचान कर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में लिप्त होने पर कार्यवाही करें। हर ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत रखें। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने थाना स्तर पर भी अपने क्षेत्र से संबंधित इलाकों की जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध में अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म में अपुष्ट सूचनाओं और फेक न्यूज पर नजर रखने और सही तथ्यों के साथ जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि विस्फोटकों का भंडारण मापदंडों के अनुसार होना चाहिए व सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र में विस्फोटकों के भंडारण की मौका मुआयना कर जांच करें। औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले विस्फोटक के भंडारण के संबंध में अपडेटेड जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने अस्पतालों में फायर सेफ्टी के संबंध में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अस्पतालों में फायर एक्सटिंग्विशर लगाए गए हैं। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ आग बुझाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखे जाने के संबंध में हॉस्पिटल स्टाफ को निर्देशित करने के लिए कहा। आईपीडी में इलाज के दौरान मरीज की निजता भंग न हो इसके लिए कैमरे के उपयोग पर रोक लगाने संबंधी शासन स्तर से जारी निर्देश के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने डीजे, लाउड स्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए तय ध्वनि सीमा और 10 बजे के बाद उपयोग नहीं किए जाने और अन्य गाइडलाइंस के अनुसार ही उपयोग हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने साइलेंस जोन में यंत्रों के उपयोग में सावधानी बरतने को लेकर डीजे संचालकों को जागरूक करने के लिए कहा। दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की शिकायत के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बाहर से आए श्रमिकों और किरायेदारों के नियमित वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए।

**अवैध शराब और मादक पदार्थों, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर साझा कार्यवाही के निर्देश-** कलेक्टर गोयल ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्हें विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध कार्यवाही में भी सूचना तंत्र की अहम भूमिका है। आबकारी और खाद्य और औषधि प्रशासन पुलिस विभाग के साथ साझा रूप से इसमें कार्यवाही करें। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग से की गई कार्यवाही का अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही बढ़ाए। पुलिस विभाग के साथ फील्ड में संयुक्त कार्यवाही करें। उन्होंने नशीली दवाओं के विरुद्ध ड्रग इंस्पेक्टर को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

**उद्योगों के बाहर सड़कों पर वाहन पार्किंग पर करें कार्यवाही-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि रायगढ़ जिले में उद्योगों की बहुलता के कारण सड़क पर भारी वाहनों की काफी आवाजाही होती है। देखने में ये आता है कि उद्योगों में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए पहुंचे वाहन मुख्य सड़क पर पार्क कर दिए जाते हैं। इससे ट्रैफिक जाम के साथ दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वाहनों को उद्योग परिसर के भीतर ही पार्क करना है। बाहर गाड़ी खड़ा करने पर कार्यवाही होनी चाहिए। आरटीओ, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी इस पर विशेष रुपबाई ध्यान दें। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ ही सड़कों में ब्लाइंड स्पॉट पर साईनेज, रिफ्लेक्टर और रंबल स्ट्रिप का अनिवार्य रूप से लगे हों।

# कोतवाली पुलिस ने डिक्की से मोबाइल, पर्स चुराने वाले युवक को किया गिरफ्तार

- आरोपी से आईफोन 14 समेत चोरी की 03 मोबाइलें जब्त

**रायगढ़**

दिनांक 14/06/2024 को कोतवाली पुलिस द्वारा प्रतिबंधित एनीकट पंचधारी डेम के पास स्कूटी से मोबाइल चुराने वाले युवक को चोरी की मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है। मोबाइल चोरी को लेकर कल 13 जून को थाना कोतवाली में सिंचाई कॉलोनी लोचन नगर में रहने वाले करण मरावी (उम्र 19 साल) द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जून को अपने साथी अंकुर निषाद रूपेंद्र सिदार के साथ पंचधारी डेम नहाने गया था। तीनों ने अपने मोबाइल और पर्स को स्कूटी के डिक्की में रखकर नहाने गए वापस आकर देखे तो डिक्की तोड़कर कोई अज्ञात चोर डिक्की में रख दो पर्स और तीन मोबाइल को चोरी कर ले गया था। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी पर अपराध क्रमांक 359/2024 धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पकड़े गये आरोपी अमित नामदेव उर्फ राज पिता संजीव नामदेव उम्र 21 साल निवासी इंदिरा नगर इंदिरा मूर्ति के पास थाना कोतवाली रायगढ़ ने डिक्की तोड़कर मोबाइल और पर्स चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि चोरी पर्स के पैसे निकाल कर पर्स को पानी में फेंक दिया है।

आरोपी से 03 नग मोबाइल - आई फोन 14, सैमसंग एम 14 और vivo iQOO Z6 Lite कुल कीमती 80,000 रूपये का बरामद कर आरोपी अमित नामदेव को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम पतासाजी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक अरुणा चौरसिया एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है। पंचधारी डेम पास मोबाइल चुराने वाले आरोपियों पर लगातार पकडे जा रहे हैं। पूर्व में भी कोतवाली पुलिस द्वारा पंचधारी एनीकट के पास से मोबाइल चुराने वालों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# विश्व रक्तदान दिवस : बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान

- डाकघर के संभागीय कार्यालय में भी हुआ रक्तदान शिविर

**रायगढ़**




विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आज जिला अस्पताल एवं विकासखंड खरसिया में विश्व रक्तदान दिवस का आयोजन प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। जिसमें इच्छुक व्यक्तियों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आकर स्वेच्छा से अपना रक्तदान किये। ब्लड बैंक में रखे यह रक्त गर्भवती महिला, बच्चे, वृद्ध व्यक्ति जैसे जरूरतमंद लोगों के जीवन में काम आएगा।

सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि जिला अस्पताल में रक्तदान करने के लिये रक्तदाता की उम्र 18 से 60 साल के बीच होना चाहिये। जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो तथा शारीरीक रूप से सेहतमंद होना जरूरी है। हिमोग्लोबिन का स्तर 12.5 से ग्रा. से अधिक देखकर किया गया। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति तीन माह में 1 बार रक्तदान कर सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के जिला नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा एवं कोऑपरेटिव विभाग डिप्टी कमिश्नर सी.एस.जायसवाल द्वारा रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के वी.सी. सी.एम पंकज मिश्रा, शिशिर देवांगन, सुनील पटेल व जिला चिकित्सालय के डॉ.किशोर पटेल ने अपना रक्त दान किया। आज रक्तदान दाताओं द्वारा 11 यूनिट ब्लड प्रदाय किया गया एवं जिला चिकित्सालय से एक टीम एम.एस.पी प्लांट जामगांव में 41 यूनिट रक्त दान और विकासखंड खरसिया में 40 यूनिट रक्त दान किया गया है।

इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला मलेरिया डॉ.टी. जी. कुलवेदी द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही समस्त स्वास्थ्य संस्था के समस्त विकासखंड के सामु.स्वा. केद्र/प्राथ.स्वा.केंद्र में विश्व रक्तदाता दिवस मनाने तथा स्वैच्छिक रक्तदान व जागरूकता करने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया।

**डाकघर के संभागीय कार्यालय में भी हुआ रक्तदान शिविर-** विश्व रक्तदान के दिवस पर कार्यालय अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ द्वारा संभागीय कार्यालय कोतरा रोड, रायगढ़ में सेवा ब्लड बैंक एवं चिकित्सक टीम रायगढ़ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेन्द्र कुमार राजपाल अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा किया गया। इस दौरान छबिलाल पटेल, सुमन एक्का, मोहम्मद नियाजुद्दीन, रमेश कुमार देवांगन तथा संभागीय कार्यालय व प्रधान डाकघर रायगढ़ के कर्मचारीगणों ने रक्तदान किया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में डाक सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचे ग्राहकों को भी जागरूक किया गया।

# आदेश पारित होने के पश्चात प्राथमिकता से करें अभिलेख दुरूस्ती का कार्य -कलेक्टर

- कार्ययोजना बना कर स्कूल व कॉलेज के छात्रों के आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र करें तैयार
- लंबित आवेदनों का करें त्वरित निराकरण
- कलेक्टर गोयल ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करें। इसमें किसी प्रकार की लेट-लतीफी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर गोयल ने सभी तहसीलवार सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में सीमांकन का कार्य नहीं किया जा सकता। अत: सभी राजस्व अधिकारी अपने राजस्व अमले को गिरदावरी का ट्रेनिंग प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने तथा लंबित प्रकरण के उचित कारण उल्लेखित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने डायवर्सन, ई-कोर्ट, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरूस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, सड़क दुर्घटना, आरबीसी 6-4, भू-अर्जन जैसे विभिन्न लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने तहसीलवार डायवर्सन भू-भाटक वसूली की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को भू-भाटक वसूली के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान भू-अर्जन प्रकरणों के मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जनहानि के सभी प्रकरण निर्धारित तिथि में तहसील कार्यालय में पहुंचने चाहिए। आगामी बारिश के दिनों में सर्पदंश प्रकरण सामने आते है। अत: सर्पदंश के रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने फसल क्षति के आबंटित राशि के भुगतान के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना की जानकारी लेते हुए आबादी ग्राम सर्वे की जानकारी भी ली।

कलेक्टर गोयल ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके लिए उन्होंने न्यायालयीन दिवस निर्धारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने ज्ञात, अज्ञात वाहन दुर्घटना की जानकारी लेते हुए मुआवजा वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके अनुभाग के विभिन्न क्षेत्रों में बन रहे अवैध निर्माण पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुविभाग स्तर पर बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों के प्रगति की बेहतर मॉनिटरिंग की जा सके।

बैठक में एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों के आय, जाति, निवास बनाने हेतु बनाए कार्य योजना-** कलेक्टर गोयल ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को कहा कि आगामी दिनों में स्कूल खुल जाएंगे। उन्होंने इस सत्र के शाला प्रवेशोत्सव के लिए बीईओ से समन्वय कर शाला प्रवेश उत्सव की गरिमामय तैयारियां सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी एसडीएम को पूर्व की भांति आय, जाति, निवास बनाने हेतु अभियान चलाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों का प्राथमिकता से आय, जाति एवं निवास बनाया जाए।

"हेलमेट पहनना है जरूरी"

# पुलिस अधीक्षक ने बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े गए चालकों को दिए समझाइश और हेलमेट

- सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने यातायात पुलिस रायगढ़ कर रही चालानी कार्रवाई के साथ हेलमेट का वितरण

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े गए वाहन चालकों पर ₹500 चालानी कार्यवाही कर उन्हें नि:शुल्क हेलमेट का वितरण किया जा रहा है लगातार जारी इस अभियान में आज पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल भी शामिल हुए। उन्होंने छातामुड़ा चौंक पर यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही किये गये वाहन चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करने की समझाइश देते हुए आगे हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की समझाइश दिए और बताये कि आगे बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर फिर भी चालानी कार्यवाही होगी। हेलमेट वितरण के पश्चात उन्होंने शहर के चौक चौराहों पर ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, इस दौरान थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज भी मौजूद रहे।

# डीईओ बाखला ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक : एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देश में शिक्षा सत्र 2024-25 में रायगढ़ जिले के 07 विकास खण्डों में संचालित प्राथमिक/ माध्यमिक/ हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न घटकों के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला ने स्कूल शिक्षा विभाग के सभी शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में जिले के सभी बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, प्राचार्य, सीएसी की एक आवश्यक बैठक लिए।

जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला ने 18 जून 2024 से प्रारंभ हो रहे शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाने हेतु विद्यालय की साफ.-सफाई, विद्यालय भवन की सुरक्षा एवं पर्यावरण स्वस्थ रखते हुए उत्सव मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, साइकिल एवं गणवेश की व्यवस्था शाला प्रवेश उत्सव से पूर्व ही करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य वर्धक मध्यान्ह भोजन एवं न्यौता भोजन प्रथम दिवस से ही दिए जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में वृक्षारोपण के अतिरिक्त किचन गार्डन में कम से कम 10 मुनगा के पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करें। बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को ऑनलाईन अवकाश प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिए।

सहायक संचालक के.के. स्वर्णकार ने जिले के निजी विद्यालय में संचालित आरटीई को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिए। इसके बाद डीएमसी एन.के.चौधरी ने यूडाईस में स्कूल प्रोफाईल का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति जानने के लिए सभी बीआरसीसी एवं सीएसी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति अनुसार नि:शुल्क वितरण सामग्री गणवेश, पुस्तक आदि का ऑनलाईन पोर्टल में आवश्यक रूप से प्रविष्टि करें। सहायक जिला परियोजना अधिकारी जे.के. राठौर ने कहा कि जिले में संचालित विद्यालयों में क्रियाशील स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब को बच्चों हेतु लाभकारी बनाए। उन्होंने बताया कि किशोर आत्महत्या रोकथाम जैसे संवेदनशील मामलों हेतु दीक्षा ऐप पर उपलब्ध कोर्स पूर्ण करें।

जिला परियोजना अधिकारी डी.के.वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं हेतु जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने हेतु गंभीर कार्यवाही करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 वर्ष से उपर ऐसे व्यक्ति जो साक्षर नहीं हैं, को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से साक्षर करने हेतु प्रयास करने को कहा। जिला नोडल अधिकारी एस.के. कर्ण ने राज्य छात्रवृत्ति, महतारी दुलार योजना, राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति हेतु प्रत्येक छात्र की आनलाईन प्रविष्टि कर दस्तावेज संधारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में 2023-24 के लंबित विद्यार्थियों का खाता सुधार करने हेतु समय-सीमा का आवश्यक रूप से ध्यान रखा जावे। एपीसी आलोक स्वर्णकार ने जिले के सभी विद्यालयों में गठित एसएमसी एवं एसएमडीसी को सक्रिय करते हुए उनके सदस्यों एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालय को उन्नत एवं सुदृढ़ करने पर प्रकाश डाला। स्वर्णकार ने कहा कि इस वर्ष से प्रत्येक स्तर के विद्यालय में यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से विद्यालय परिसर को पर्यावरणीय दृष्टि से हम कैसे सुदृढ़ कर सकते हैं। बैठक में आगामी 21 जून 2024 को होने वाले योग दिवस पर प्रत्येक बच्चे शिक्षक एवं अभिभावक की उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए पूरे उत्साह से योग कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कहा गया। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले में संचालित 805 बालवाड़ी केन्द्रों का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। जिसका सतत् एवं नियमित निरीक्षण दोनों विभाग के अधिकारियों के द्वारा निरंतर किया जाएगा एवं बच्चों के मिनिमम लर्निंग लेबल प्राप्त करने के स्तर को भी देखा जाएगा। उन्होंने ने बताया कि केन्द्र संचालित योजना पीएम विद्यालय में भौतिक सुदृढ़ता के साथ अकादमिक सुदृढ़ता प्राप्त करने पर भी नियमित प्रयास किया जाएगा। साथ ही इस कार्य की समीक्षा के लिए सीएसी, सीआरसी, बीआरसीसी एवं बीईओ को भी पीएम विद्यालय के सतत निरीक्षण करते हुए सकात्मक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले के प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक छात्र को पहाड़ा याद करने हेतु एक सघन कार्यक्रम चलाया जावेगा तथा आगामी माह में होने वाले मेगा क्विज काम्पीटिशन के लिए माध्यमिक एवं हाई तथा हायर सेकेण्डरी स्तर के बच्चों को आवश्यक तैयारी कराने हेतु प्रत्येक संस्था प्रमुख को निर्देशित किया। बैठक के अंत में उपरोक्त सभी बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सभी संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए।

जिला स्तरीय बैठक के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला के नेतृत्व में डीएमसी एन.के. चौधरी, जिला नोडल अधिकारी एस.के.कर्ण, एपीसी आलोक स्वर्णकार, भूपेन्द्र पटेल एवं भुवनेश्वर पटेल की टीम ने पुसौर विकास खण्ड में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्र कोड़ातराई एवं पुसौर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480